Title: Need to direct Cantonment Board to permit construction of a drain at Nagla Deera, Fatehpur, U.P. to flush out rain water- Laid.

श्री चन्द्र भूण सिंह (फरूखाबाद) : अध्यक्ष महोदय, नगला-दीना, पङ्कतेहगढ़, उत्तर प्रदेश के लोग गंदे एवं बरसाती पानी के निकास की उचित व्यवस्था न होने के कारण काफी दिक्कतों व परेशानी का सामना कर रहे हैं। सांसद निधि के द्वारा प्रदूाण को रोकने एवं संक्रमित बीमारी से बचने के ौलए एवं वायुमंडल को साफ-सुथरा रखने के ौलए मुख्य पङ्कतेहगढ़ से फरूखाबाद रोड (कैंट एरिया) के बीच नाले के निर्माण के ौलए निधि मुहैया करायी गयी थी। नाले का निर्माण निश्ंिचत सीमा तक किया जा चुका है। छावनी बोर्ड के अधिकारियों के द्वारा नाले के निर्माण के ौलए क्षेत्र का निरीक्षण किया गया था ताकि छावनी क्षेत्र से पानी का निकास हो सके क्योंकि प्रदूाण एवं वैंतावरण को स्वच्छ रखने के ौलए दूसरा कोई विकल्प नहीं था। छावनी बोर्ड ने दिनांक 15 मार्च, 2002 को नं0 97 के अंतर्गत एक प्रस्ताव स र्वसम्मति से पास किया था। अब छावनी बोर्ड द्वारा छावनी क्षेत्र में नाले के निर्माण के ौलए तरह तरह की अटकलें लगायीं जा रही हैं।

अतः मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि जनहित में छावनी क्षेत्र में नाले के निर्माण कार्य के ौलए छावनी बोर्ड को निर्देश देने की ङ्पा करें।